कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामगोपाल शर्मा पुत्र श्री नारायण लाल शर्मा पताः– बिल्डिग नं0 33 फ्लेट नं0 एफ–2 बालाजी रेजिडेन्सी 1 सनराईज सिटी निवारू जयपुर–302012।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा।

अपील सं0 24/2020

<u>निर्णय</u> दिनांक :14.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

अपीलांट को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी (भू0अ0) कलेक्ट्रेट दौसा से संबंधित होने के कारण अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा द्वारा प्रार्थना पत्र प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलेक्ट्रेट दौसा को सूचना के अधिकार की धारा 6(3) के अन्तर्गत प्रेषित किया गया। प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलेक्ट्रेट दौसा के निर्देश पर तहसीलदार नॉगल राजावतान द्वारा उनके पत्रांकः 4410 दिनांक 07.04.2020 द्वारा आवेदक को दे दी गई थी। तत्पश्चात अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना तहसील कार्यालय दौसा से उपलब्ध होना संभव बताने पर तहसीलदार दौसा को प्रार्थी को वॉछित सूचना /नकल उपलब्ध कराते हुए टिप्पणी रिपोर्ट भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। तहसीलदार दौसा द्वारा अपने पत्रांकः 3503 दिनांक 10.07.2020 के द्वारा रिपोर्ट भिजवाई गई है जो संलग्न पत्रावली है। इसके अनुसार प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना/रिकार्ड संबंधित तहसील कार्यालय नांगल राजावतान को उपलब्ध करवा दिया जाना व्यक्त किया गया है। उक्त पत्र की प्रति अपीलांट को प्रेषित की गई है। जिसके द्वारा अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। अपीलांट द्वारा वांछित सूचना प्राप्त नहीं होना व्यक्त किया गया है। अतः अपील अपीलांट आंशिक रूप से स्वीकार किया जाना उचित है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगलराजावतान जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को तहसीलदार दौसा के पत्रांक 3503 दिनांक 10.07.2020 की प्रति एवं निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा